पत्रांक– FW-1724/1/2026-SEC_9-....1339

बिहार सरकार

मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग

प्रेषक,

अजय यादव,
सचिव,
बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी जिला अवर निबंधक
अवर निबंधक।

पटना, दिनांक–18.02.2026

विषय :– **सात निश्चय–3 ''सबका सम्मान–जीवन आसान'' के अंतर्गत 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को भूमि/प्लॉट/फ्लैट के घर बैठे निबंधन (Home Registration) हेतु मोबाईल रजिस्ट्रेशन यूनिट (MRU) का संचालन के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि सात निश्चय–3 ''सबका सम्मान–जीवन आसान'' के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि पात्र वरिष्ठ नागरिकों को घर बैठे निबंधन (Home Registration) की विशेष सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। इस निमित विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को मोबाईल रजिस्ट्रेशन यूनिट (MRU) के माध्यम से उनके निवास स्थान पर निबंधन की सुविधा प्रदान किया जाना है। इस निमित विभाग द्वारा मोबाईल रजिस्ट्रेशन यूनिट (MRU) का संचालन की शुरूआत दिनांक–01.04.2026 से सम्पूर्ण राज्य में किया जाना है। इस हेतु विभागीय पत्रांक–1090 दिनांक–16.02.2026 द्वारा निबंधित दस्तावेजों के आधार पर मोबाईल रजिस्ट्रेशन यूनिट (MRU) का गठन हेतु मानवबल, आवश्यक उपकरण एवं वाहन व्यवस्था हेतु निदेश दिया गया है। उक्त पत्र के क्रम में पुनः निम्न निदेश दिये जाते हैं:–

1. 80 वर्ष या उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा घर बैठे निबंधन (Home Registration) हेतु ऑनलाईन आवेदन भरते समय उनके लिए उम्र का प्रमाण–पत्र के तौर पर विविध प्रकार के प्रमाण–पत्र यथा–आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, कोई भी शैक्षणिक प्रमाण–पत्र, किसी मान्यता प्राप्त संस्थान द्वारा जारी किया गया उम्र संबंधी प्रमाण–पत्र को स्वीकार किया जायेगा। इसके साथ ही घर बैठे निबंधन (Home Registration) हेतु ऑनलाईन आवेदन भरते समय 80 वर्ष या उससे अधिक उम्र के आवेदक के समक्ष यह विकल्प होगा कि वे उम्र का प्रमाण पत्र घर बैठे निबंधन e-nibandhan portal पर आवेदन करते समय ऑनलाईन अपलोड करना चाहेंगे अथवा मोबाईल रजिस्ट्रेशन यूनिट (MRU) के उनके निवास स्थान पर घर बैठे निबंधन (Home Registration) हेतु आने पर उसे अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायेंगे।
2. वर्त्तमान में सभी निबंधन कार्यालयों को एक–एक मोबाईल रजिस्ट्रेशन यूनिट (MRU) उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया गया। आवश्यक होने पर निबंधित दस्तावेजों की संख्या के आधार पर मोबाईल रजिस्ट्रेशन यूनिट (MRU) की संख्या बढ़ायी जा सकती है।

अतः निदेशित किया जाता है कि उक्त से संबंधित आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन

(अजय यादव)
सचिव,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक– FW-1724/1/2026-SEC 9-...1339. पटना, दि0–...18.02.2026

प्रतिलिपि– सभी समाहर्त्ता–सह–जिला निबंधक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव
बिहार, पटना।